अत्यावश्यक

पंचायत उप–निर्वाचन, 2023

राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार

STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR

सत्यमेव जयते

पत्र संख्या - पं.नि. 30-15/2023 - 4179

प्रेषक,

मुकेश कुमार सिन्हा
सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी-सह-
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत)
सभी वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, बिहार।

पटना, दिनांक - 12.12.23

विषय : पंचायत उप निर्वाचन, 2023 – व्यापक सुरक्षा व्यवस्था संधारण हेतु सुरक्षा बलों का आकलन एवं 'बल प्रतिनियुक्त योजना' (Force Deployment Plan) प्रेषित करने के संबंध में।

प्रसंग : आयोग का पत्रांक 3038 दिनांक 10.08.2021 एवं पत्रांक 4575 दिनांक 28.09.2021 (पत्र संलग्न)

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रासंगिक **पत्रांक 3038 दिनांक 10.08.2021** द्वारा पंचायत आम निर्वाचन, 2021 के निमित्त स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से सुरक्षा बलों की प्रतिनियुक्ति हेतु मापदण्ड संसूचित किये गये थे, जिसके आधार पर सुरक्षा बलों का आकलन कर सुरक्षा बलों की प्रतिनियुक्ति भी की गई थी। साथ ही प्रासंगिक **पत्रांक 4575 दिनांक 28.09.2021** द्वारा 'बल प्रतिनियुक्त योजना' (Force Deployment Plan) प्रेषित करने का निदेश दिया गया था।

विदित है कि पंचायत उप निर्वाचन मई, 2023 में उक्त निदेश के आलोक में मतदान सुरक्षा बलों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। वर्तमान में पुनः पंचायत उप निर्वाचन कराया जा रहा है। प्रासंगिक पत्र के आलोक में पंचायत उप निर्वाचन के निमित्त भी कार्रवाई की जानी है।

उक्त परिप्रेक्ष्य में अनुरोध है कि प्रासंगिक पत्र के आलोक में पंचायत उप निर्वाचन, 2023 को स्वतंत्र, स्वच्छ, भयमुक्त एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु व्यापक सुरक्षा व्यवस्था संधारित की जाय एवं पंचायत उप निर्वाचन से संबंधित 'बल प्रतिनियुक्त योजना' (Force Deployment Plan) **संलग्न प्रपत्र में दिनांक 20.12.2023 तक** जिला पदाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से हस्ताक्षरित प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित की जाय।

अनुलग्नक : यथोक्त।

विश्वासभाजन,
12/12/23
सचिव।

11.12.23

Sone Bhawan, Third Floor, Birchand Patel Marg, Patna - 800 001 Phone : 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax : 0612 - 2507847 E-mail : secbihar@gmailcom

ज्ञापांक -प.नि. 30-15/2023 - 4179 पटना, दिनांक - 12.12.23

प्रतिलिपि आई.टी. मैनेजर को आयोग के वेबसाईट पर अपलोड कराये जाने हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक - पं.नि.30-15/2023 - 4179 पटना, दिनांक - 12.12.23

प्रतिलिपि, अपर मुख्य सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक - पं.नि.30-15/2023 - 4179 पटना, दिनांक - 12.12.23

प्रतिलिपि, अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक - पं.नि.30-15/2023 - 4179 पटना, दिनांक - 12.12.23

प्रतिलिपि, पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।